<u>समाचार</u>

# आयुक्त ने किया दर्जन भर वैक्सीनेशन सेंटरों का दौरा

## (टीकाकरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने एवं सेंटरों में वैक्सीन की उपलब्धता बनाए रखने के दिए कड़े निर्देश, आवश्यकता को देखते हुए 10 नए टीकाकरण केन्द्र होंगे स्थापित)



कोरबा 23 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज निगम के विभिन्न जोनों में स्थित दर्जन भर से अधिक वैक्सीनेशन सेंटरों का दौरा किया। उन्होने टीकाकरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं को देखा, वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने एवं टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीन की उपलब्धता लगातार बनाए रखने के संबंध में कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने केन्द्रों में टीका लगवाने आए लोगों से चर्चा कर जानकारी ली तथा उनसे कहा कि वे अपने पड़ोस, मोहल्ले व परिचितों को भी वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करें, ताकि जल्द से जल्द अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हो सके। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा सहित विभिन्न जोनों के जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन के अंतर्गत स्थित 30 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों तथा 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिको को कोविड वैक्सीन लगाए जाने का कार्य एक महाअभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह हास्पिटल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र पन्द्रह ब्लाक, रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, विकासनगर डिस्पेंसरी, घुड़देवा उपस्वास्थ्य केन्द्र, सिंचाई कालोनी दर्री डिस्पेंसरी, आरामशीन में संचालित एम.एम.यू., ढोढ़ीपारा में एम.एम.यू., रानी रोड़ सिंधी गुरूद्वारा स्थित एम. एम.यू. सहित अन्य टीकाकरण केन्द्रों व मोबाईल मेडिकल यूनिट के टीकाकरण स्थलों का दौरा किया। आयुक्त श्री शर्मा ने इन सभी केन्द्रों में किए जा रहे वैक्सीनेशन कार्य का सघन रूप से जायजा लिया, वहां की व्यवस्थाओं को देखा, सेंटरों में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों का वैक्सीनेशन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन किया एवं वैक्सीनेशन कार्यो में आवश्यक तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने विभिन्न केन्द्रों में किए गए टीकाकरण

प्रतिशत की जानकारी ली, साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की जोनवार जनसंख्या तथा जोनवार टीकाकरण प्रतिशत की जानकारी लेते हुए वैक्सीनेशन कार्य में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए।

**वैक्सीनेशन सेंटरों में न हो वैक्सीन की कमी**— विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी टीकाकरण केन्द्र में वैक्सीन की कमी न होने पाए, केन्द्रों में वैक्सीन पहुंचाने का कार्य निर्वाध रूप से संचालित हों तथा टीकाकरण केन्द्र में वैक्सीन लगवाने हेतु पहुंचने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना टीका लगाए वापस न लौटना पड़े, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन का किया मार्गदर्शन—वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को प्रेरित करने तथा उन्हें टीकाकरण केन्द्रों तक लाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, हेल्थ वर्करों तथा निगम के मैदानी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने टीकाकरण केन्द्रों में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, हेल्थ वर्करों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे अपने—अपने कार्य क्षेत्र में सघन रूप से जनसंपर्क करते हुए शतप्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। आयुक्त श्री शर्मा ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ता का इस दिशा में अच्छा प्रदर्शन होगा, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

वैक्सीनेशन करवाने पहुंचे नागरिकों से की चर्चा— भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीन लगवाने हेतु पहुंचे नागरिकों से चर्चा की तथा उनसे जानकारी ली कि उनके परिवार के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों ने वैक्सीन लगवाई या नहीं, यदि नहीं लगवाई तो उन्हें भी टीकाकरण केन्द्रों में लाएं तथा अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाएं। उन्होने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि '' **एक भी छूटा—सुरक्षा चक्र टूटा** '' , अतः घर के बच्चों को संक्रमण से बचाने हेतु आवश्यक है कि घर के सभी 18 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्ति शीघ्र से शीघ्र वैक्सीन लगवाएं। उन्होने उनसे कहा कि पड़ोस, मोहल्ले के लोगों व परिचितो को भी वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करें।

इन केन्द्रों पर लग रही वैक्सीन—नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जोन में रानी धनराजकुंवर अस्पताल कोरबा, भिलाईखुर्द स्कूल, देवांगनपारा, रेलवे हास्पिटल, रविशंकर शुक्ल जोन में एस.ई.सी.एल. हास्पिटल मुड़ापार, जोन आफिस रविशंकर नगर, कोसाबाड़ी जोन में कम्यूनिटी हाल पोड़ीबहार, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह अस्पताल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र रामपुर, जिला लाईब्रेरी डिंगापुर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र दादरखुर्द, टी.पी.नगर जोन में स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र कोहड़िया, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र पन्द्रह ब्लाक, जोन आफिस टी.पी.नगर इंदिरा स्टेडियम, बालको जोन में एस.एच.सी. नेहरूनगर बालको, शिवनगर रूमगरा, पाड़ीमार स्कूल भदरापारा, मंगल भवन सेक्टर—2, दैहानपारा स्कूल, दर्री जोन में स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सुमेधा, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र बलगीनगर, सी.एस.ई.बी.वेस्ट हास्पिटल, एन.टी.पी.सी. हास्पिटल, सिंचाई कालोनी डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र लाटा, सर्वमंगला जोन में एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी विकास नगर, एस.ई.सी.एल. डिस्पेंसरी आदर्शनगर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र सर्वमंगला नगर, बांकीमोंगरा जोन में एस.ई.सी.एल. बांकी हास्पिटल, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र घुड़देवा आदि 30 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है।

10 टीकाकरण केन्द्र और बनेंगे— आयुक्त श्री शर्मा ने नगर निगम कोरबा के विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए आमजन की सुविधा हेतु 10 और टीकाकरण केन्द्र स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के सिटी प्रोग्राम मेनेजर श्री अशोक सिंह ने बताया कि कोवैक्सीन की 10 हजार खुराकें और प्राप्त हो रही है, जिनका उपयोग कोवैक्सीन की दूसरी खुराक लेने वाले व्यक्तियों के लिए किया जाएगा। आयुक्त श्री शर्मा ने इसके मद्देनजर आवश्यकता को देखते हुए 10 नए टीकाकरण केन्द्र स्थापित करने व वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।